# 500 करोड़ का निवेश करेंगी 29 कंपनियां

**ग्रेटर नोएडा।** शहर में 29 कंपनियां करीब 500 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी। उद्योग शुरू करने के लिए इन कंपनियों को जमीन का आवंटन पत्र भी जारी कर दिया गया है। अगले छह महीने में यह कंपनियां उद्योग को क्रियाशील बनाने के लिए निर्माण कार्य शुरू करने की प्रक्रिया आरंभ करेंगी। चार साल में उद्योग को क्रियाशील बनाना होगा। इससे करीब 5000 नौकरियां ग्रेटर नोएडा में सृजित होंगी।

ग्रेनो प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव ने बताया कि हाल ही में निकली योजनाओं में 39 कंपनियों को ई-नीलामी से भूखंड आवंटन की प्रक्रिया

## प्राधिकरण ने जारी किया आवंटन पत्र, 5000 को मिलेगी नौकरी, 10 और कंपनियां आवंटन की कतार में

पूरी की है। इनमें से 29 को आवंटन पत्र जारी कर दिए गए हैं। इनमें अलग-अलग तरह के उद्योग शामिल हैं। सेक्टरों में आवंटित इन भूखंडों के लिए इंवेस्ट यूपी के साथ कंपनियां अनुबंध भी कर चुकी हैं। इसके बाद ही आवंटन पत्र जारी कर लीज डीड की प्रक्रिया शुरू कराई गई है। इसका फायदा यह होगा कि कंपनियां जल्दी ही भूखंड को क्रियाशील कर पाएंगी। इसका फायदा रोजगार सृजन और औद्योगिक निवेश को धरातल पर उतारने के रूप में सामने आएगा।

अधिकारियों का कहना है कि ई-नीलामी से आवंटन के लिए इन योजनाओं को पिछले छह महीने में लाया गया था। इसकी प्रक्रिया पिछले महीने पूरी कर ली गई। इंवेस्ट यूपी से अनुबंध की प्रक्रिया पूरी होने का इंतजार प्राधिकरण को था। प्राधिकरण ने अब इंवेस्ट यूपी से अनुबंध हो जाने के बाद ही भूखंड का आवंटन पत्र और कब्जा दिए जाने की कार्यवाही पर आगे बढ़ने की नीति भी बनाई है। ऐसा अधिक से अधिक उद्योगों को क्रियाशील बनाने का उद्देश्य है। ब्यूरो